एमपी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिये आकर्षण का केंद्र

सेक्का क्लाइमेट फाउंडेशन के वाइस प्रेसिडेंट से मुलाकात के दौरान सीएम ने कहा

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 21 अगस्त. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मप्र नवकरणीय ऊर्जा के प्रमुख केन्द्र के रूप में उभर रहा है. हरित ऊर्जा के लिए प्रतिबद्ध बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के लिए मप्र आकर्षण का केन्द्र बन रहा है. बहुराष्ट्रीय कम्पनियां यहां अपनी निर्माण इकाइयां स्थापित करने की इच्छुक हैं. उद्योगों के साथ कृषकों और जनसामान्य को सौर ऊर्जा व अन्य वैकल्पिक स्त्रोतों से किफायती दर पर विद्युत उपलब्ध कराने की दिशा में हो रहे शोध और नवाचारों को राज्य सरकार हरसंभव सहयोग और प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सेक्का क्लाइमेट फाउंडेशन के वाइस प्रेसिडेंट क्ले स्ट्रेंजर और सीमा पॉल, यूनिवर्सिटी ऑफ़ केलिफोर्निया बर्कले के इंडिया एनर्जी एंड क्लाइमेट सेंटर (आईईसीसी) के सीनियर एडवाइजर मोहित भार्गव से

मंत्रालय में हुई भेंट के दौरान यह बात कही. अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव ने बताया कि यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया बर्कले के सहयोग से नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग और मैनिट भोपाल के बीच एमओयू हुआ है. इसके तहत मैनिट में गुरुवार को सेंटर फॉर मिशन ऑन एनर्जी ट्रांजिशन सीएमइटी का शुभारंभ हुआ.

प्रदेश की समृद्धि का आधार बन रहा है खनिज संसाधन

मुख्यमंत्री डॉ. ने कहा है कि खनिज संसाधनों की प्रचुरता प्रदेश की समृद्धि का आधार बन रही है. क्रिटिकल मिनरल्स, रेयर अर्थ एलिमेंट्स, हीरा और बहुमूल्य धातुओं के भंडार मिलने से प्रदेश खनन क्षेत्र में देश का सिरमौर बनने की राह पर तेजी से बढ़ रहा है. हाल ही में मप्र की भूगर्भीय संरचना पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस और कोल बेड मीथेन जैसे हाइड्रोकार्बन संसाधनों की अपार संभावनाएं है. विशेषज्ञों के अनुसार राज्य के पूर्वी हिस्से में गोंडवाना बेसिन और पश्चिमी-दक्षिणी हिस्से में नर्मदा एवं ताप्ती घाटियों में अवसादी चट्टानों का व्यापक प्रसार है.

तीन वर्ष में सौ लाख हेक्टेयर में सिंचाई का लक्ष्य तय करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की समृद्धि के साथ प्रदेश की अर्थव्यवस्था में परिवर्तन के लिए सिंचाई क्षेत्र का निरंतर विस्तार आवश्यक है. इसके लिए जल संसाधन विभाग और सभी संबंधित एजेंसियां तेजी से कार्य करें. वर्तमान में शासकीय स्रोतों से प्रदेश में सिंचाई प्रतिशत 52 लाख हेक्टेयर से अधिक हो चुका है. इसे शीघ्र ही दोगुना करने का लक्ष्य ध्यान में रखकर कार्य किया जाए जिससे आने वाले 3 वर्ष में प्रदेश में 100 लाख हेक्टेयर में सिंचाई क्षेत्र का विस्तार हो जाए. मुख्यमंत्री ने गुरूवार को जल संसाधन विभाग की समीक्षा के दौरान सिंचाई क्षेत्र की जानकारी भी प्राप्त की.

नीति ऐसी बनाएं कि पेयजल के कोई लिये परेशान न हो

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता केवल हर घर तक नल से जल पहुंचाने की ही नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि पेयजल सुविधा आने वाले वर्षों तक सतत और गुणवत्तापूर्ण रूप में उपलब्ध हो. उन्होंने कहा कि ग्रामीण नलजल योजनाओं के संचालन और संधारण की नीति को इस प्रकार तैयार किया जाय, जिससे हर गांव में स्वच्छ पेयजल की स्थायी व्यवस्था बने, किसी भी परिवार को पानी के लिए कठिनाई न उठानी पड़े. मुख्यमंत्री ने गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में ग्रामीण नल-जल योजनाओं के संचालन नीति के प्रारूप पर हुई बैठक में यह बात कही.

बालिकाओं ने जीती खो-खो स्पर्धा

- मंडीदीप में हुई अंतरजिला शालेय खो-खो स्पर्धा
- भोपाल की टीम ने सीहोर, राजगढ़ को हराया

भोपाल, 21 अगस्त. मंडीदीप में आयोजित बालिका वर्ग के 14 वर्ष आयु समूह अंतरजिला शालेय खो-खो स्पर्धा के फ़ाइनल मुकाबले में भोपाल की बालिकाओं ने सीहोर जिले को एक तरफ़ा 6-1 अंकों से पराजित कर ट्राफी पर कब्जा जमाया.

इसके पहले विदिशा व राजगढ़ जिले को पराजित कर फ़ाइनल में प्रवेश किया था. स्पर्धा में सेंट जोसेफ कान्वेंट की वर्तिका खंडेलवाल, राशि खूबचांदनी, कार्मल कान्वेंट की पीहू इसरानी, मुकिता स्कूल की वंशिका बर्गा का शानदार प्रदर्शन रहा. पूरे टूर्नामेंट में सेंट जोसेफ कान्वेंट भोपाल की वर्तिका खंडेलवाल को कोई भी आउट नहीं कर सका. टीम के इस शानदार प्रदर्शन में टीम के प्रशिक्षक विष्णु कान्त सहाय व दीपा गौर और दीपक सिंह की बनाई रणनीति का योगदान महत्वपूर्ण रहा.

टीम की जीत पर जिला खेल अधिकारी बबीता तोमर, वरिष्ठ खेल शिक्षक डी एस धुर्वे, अजीत पाल गिल के साथ भोपाल जिला खो-खो संघ के सुनील सिंह, मध्य प्रदेश पुलिस के जालम सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी.

आशा कार्यकर्ताओं को किट वितरित

भोपाल, 21 अगस्त. सेवा भारती दिव्यांग बालक छात्रावास गांधीनगर में प्रशिक्षण उपरांत 35 आशा कार्यकर्ताओं को भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता प्रोत्साहन के लिए स्वच्छता किट एवं ऑक्सीमीटर सेवा भारती के प्रांतीय कोषाध्यक्ष राजनारायण अग्निहोत्री और भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के डॉ सत्येन्द्र सिंह बघेल एवं सेवा भारती स्वास्थ्य आयाम प्रमुख डॉ दिनेश शर्मा द्वारा प्रदान किए.

सेवा भारती महानगर के मीडिया प्रभारी भगवान दास

ढालिया ने बताया सेवा भारती और भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के शिविर लगाए जाएंगे. अपने उद्बोधन में राजनारायण अग्निहोत्री ने आशा कार्यकर्ताओं को समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता फैलाने के लिए उनके निरंतर प्रयासों की सराहना करते हुए ऑक्सीमीटर एवं स्वच्छता किट के वितरण से ग्रामीण एवं शहरी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी रहेगा, ऐसा विश्वास जताया.

बिजली कर्मियों से मारपीट करने वाले 4 पर एफआईआर

भोपाल/दतिया. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने दतिया में बिजली कर्मचारियों से मारपीट करने वाले 4 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है. सहायक प्रबंधक वरूण वर्मा ने बताया कि ग्राम छता के हार में पम्प कनेक्शन की बकाया राशि जमा नहीं करने पर उदगवां में ट्रांसफार्मर उतार कर वितरण केंद्र पर ले रहे थे. बिजली कंपनी के लाइन हेल्पर संतोष शर्मा, ब्रजेश रजक शासकीय वाहन से वापस जा रहे थे. उसी दौरान रास्ते में आरोपितों ने गंदी गालियां देते हुए हमला कर दिया तथा ट्रांसफार्मर उतार लिया.

स्वास्थ्य अधोसंरचना विकास कार्य समय पर पूर्ण करें : शुक्ल

- विकास कार्यों की संभागवार गहन समीक्षा की

भोपाल, 21 अगस्त. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में प्रधानमंत्री-आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-अभीम) एवं 15वें वित्त आयोग मद अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य अधोसंरचना निर्माण कार्यों की विस्तृत संभागवार समीक्षा की.

उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए स्वीकृत निर्माण कार्यों को निर्धारित समयसीमा में

एवं उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाना आवश्यक है. उन्होंने विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों के उन्नयन के प्रस्तावों की व्यवहार्यता (फिजिबिलिटी) जाँच शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए. उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने तकनीकी मैनपावर की पर्याप्त भर्ती कर कार्यों की गहन मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए.

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि इन कार्यों की प्रगति प्रदेश में स्वास्थ्य अवसंरचना को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है. समय पर कार्यों के पूर्ण होने से प्रदेशवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध होंगी.

बताया गया कि पीएम अभीम मद अंतर्गत प्रदेश में कुल 71 कार्य स्वीकृत हैं. इनमें से 27 कार्य पूर्ण हो चुके हैं, 30 कार्य प्रगतिरत हैं और 14 कार्य टेंडर स्तर पर हैं. स्वीकृत 93 करोड़ लाख रुपये में से अब तक 50 करोड़ 58 लाख रुपये का व्यय किया गया है. 15वें वित्त आयोग मद अंतर्गत कुल 1934 कार्य स्वीकृत हैं.

बिना बेस के बना रहे बाउंड्रीवाल

अधिकारी एक-दूसरे पर थोप रहे जिम्मेदारी

भोपाल, 21 अगस्त. अयोध्या नगर जी सेक्टर स्थित बुद्ध दीप बुद्ध विहार के नजदीक बाउंड्री वाल निर्माण कार्य को लेकर अधिकारियों का रवैया ठीक नहीं दिखाई दे रही है. बुद्ध दीप बुद्ध विहार के अनुयाइयों यह आरोप लगाते हुए कहा कि अपर उपायुक्त शैलेंद्र वर्मा (हाऊसिंग बोर्ड) का रवैया ठीक नहीं लग रहा है. वे बाउंड्री वाल निर्माण को लेकर बचते नजर आ रहे हैं. जबकि पूरा काम यही देख रहे हैं.

मामले की पड़ताल में सहायक यंत्री खरे ने जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया है. उन्होंने अपनी जिम्मेदारी कार्यपालन यंत्री प्रदीप हेडाऊ पर डाल दी है. यानि पूरा विभाग मुद्दे पर स्पष्ट जवाब देने से बच रहा है। इससे स्थानीय नागरिकों में भारी रोष व्याप्त है. उनका आरोप है कि बाउंड्री वाल निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग हो रहा है. बुद्ध दीप बुद्ध विहार में हो रहे बाउंड्री वाल निर्माण कार्य की हकीकत जांचने पर गंभीर लापरवाही सामने आई है. मौके पर न तो बेस डाला गया और न ही सरिये में कव्हर ब्लॉक लगाए गए। स्थिति इतनी बदतर है कि सुबह सेंट्रिंग प्लेट लगाई जाती है और शाम तक उसे निकाल भी लिया जाता है.

नाली और सड़क की समस्या को लेकर लोग परेशान

शंकर नगर के रहवासी कर रहे मांग

भोपाल, 21 अगस्त. गोविंदपुरा के वार्ड नंबर 56 शंकर नगर के लोगों ने अव्यवस्थाओं को दुरूस्त कराने को लेकर मांग की है. डीएम स्कूल के पीछे बरखेड़ा पठानी में अवस्थाओं को लेकर आम जनता में नाराजगी देखी जा रही है. यहां कच्ची सड़क बारिश के दिनों में पूरी तरह से कीचड़ में तब्दील हो गई है. इसके साथ ही खाली पड़े प्लाटों में हुए जलभराव के चलते कई दिनों तक पानी लोगों के घरों के आस-पास जमा है. जिससे मच्छर भी पनप रहे हैं और इसका असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है.

स्थाई निवासी रामबाबू ने स्थानीय जनप्रतिनिधि से मांग कि है की क्षेत्र में विकास कार्यों को पूरा किया जा. जिससे कि लोगों को बारिश के अलावा अन्य मौसम के समय भी किसी तरह की समस्याओं का सामना न करना पड़े. क्षेत्र में नाली और रोड की व्यवस्था ठीक नहीं होने से लोग लगातार परेशना हो रहे हैं. एक अन्य रहवासी पृथ्वी रैकवार ने बताया कि कई महीनों से

क्षेत्र में नाली का निर्माण कार्य शुरू किया गया है. छोटी नाली को 2 फुट तक बनाया जाना है. सड़क की समस्या को लेकर भी ज्यादा ध्यान दिया गया है
नीरज सिंह, स्थानीय पार्षद

स्थिति खराब होने के चलते सड़क पर आवागमन में लोग अपने वाहनों से असंतुलित हो कर गिरते हुए नजर आते हैं. जिसके कारण वह चोटिल भी हो रहे हैं. जन समस्या को दुरूस्त कराने को लेकर सुशीला देवी ने कहा कि स्थानीय नेता इस पर ध्यान दें तो लोगों की परेशानी भी दूर होगी और लोग आगे भी उन्हें अपना समर्थन लगातार देते रहेंगे.

सेवानिवृत्त कर्मी को दी विदाई

बैरसिया, 21 अगस्त. जलसंसाधन विभाग में 35 वर्ष की सेवा उपरांत बुधवार को विभाग के पटवारी गणेश राम कुशवाह सेवानिवृत्त हो गए. उन्हें स्टॉफ ने सिंचाई विभाग के दफ्तर में विदाई समारोह आयोजित कर शाल श्रीफल और प्रतीकचिन्ह भेंट कर उनकी सेवा की सराहना करते हुए भावभीनी विदाई दी.

इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी जलसंसाधन कल्याणी दुबे ने सेवानिवृत्त कर्मचारी गणेश राम कुशवाह की कर्तव्यनिष्ठा और विभाग के प्रति समर्पित भाव की प्रशंसा की आगे एसडीओ ने कहा कि शासकीय सेवा में एक निश्चित समय उपरांत सेवानिवृत्त होना एक शासन की प्रकिया है. हम सभी को आगे - पीछे एक दिन सेवानिवृत्त होना है.

इस लिए हमे सेवाकाल में रहते हुए विभाग हित मे अच्छे कार्य करना चाहिए. इस मौके पर एसडीओ कल्याणी दुवे , उपयंत्री कृष्णपाल , उपयंत्री सोनम राजपूत , मुकेश सोनी अध्यक्ष कर्मचारी संघ , कदीर खान , नामदेव दोड़के, वीरसिंह दांगी , काशिम अली , मुकेश कुशवाह , नारायण कुशवाह, शरीक अली , कमलसिंह सहित समूचा स्टॉफ मौजूद रहे.

भोपाल भारत की सांस्कृतिक राजधानी : वर्मा

- मानव संग्रहालय में एनएसडी नई दिल्ली के विद्यार्थियों का भ्रमण

भोपाल, 21 अगस्त. राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली के विद्यार्थियों के लिए इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल में चल रही कार्यशाला एवं शैक्षिक भ्रमण का गुरुवार को तीसरा दिन अत्यंत समृद्ध अनुभवों से परिपूर्ण रहा.

दिन की शुरुआत संग्रहालय में आयोजित प्रथम सत्र से हुई, जिसे प्रसिद्ध रंगकर्मी राजीव वर्मा ने संचालित किया. उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश भारत की सांस्कृतिक स्टेट है और भोपाल उसकी

सत्र के दौरान उन्होंने छात्रों के सवालों एवं जिज्ञासाओं का धैर्यपूर्वक उत्तर दिया और वर्तमान समय में रंगकर्म की बदलती दिशा और स्वरूप पर विशेष प्रकाश डाला. दूसरा सत्र में देश के प्रख्यात नाटक शास्त्री श्री राधावल्लभ त्रिपाठी (पूर्व विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग, सागर विश्वविद्यालय) ने विद्यार्थियों को संबोधित किया. उन्होंने नाट्यशास्त्र की विविध विधाओं का गहन परिचय दिया और विद्यार्थियों को भारतीय रंग परंपरा के शास्त्रीय पक्ष से अवगत कराया.

सांस्कृतिक राजधानी. उन्होंने विद्यार्थियों को यहां की रंगत, प्रकृति और जीवन शैली से सीखने की प्रेरणा दी.

सेस समाप्त करने पर मध्यप्रदेश सहमत : देवड़ा

भोपाल, 21 अगस्त. उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा शुक्रवार को नई दिल्ली में ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स की बैठक में शामिल हुये. उन्होंने प्रदेश का पक्ष रखते हुए कहा कि 31 अक्टूबर को सेस समाप्त करने पर मध्यप्रदेश सहमत है.

सेस समाप्त होने के बाद इसे जीएसटी में मर्ज करना है. देवड़ा ने कहा कि 40 प्रतिशत स्लैब की सीलिंग के संबंध में जीएसटी एक्ट में धारा 9 (1) में संशोधन पर विचार किया जा सकता है. उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि

सरलीकृत प्रणाली से आम आदमी, किसानों, मध्यम वर्ग और छोटे व्यवसायों को लाभ होगा. जीएसटी को और अधिक पारदर्शी और विकास केंद्रित भी बनाया जा सकेगा. उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम पर जीएसटी छूट देने पर विचार किया जा सकता है.

सुरमयी सांस्कृतिक संध्या की मप्र भवन में प्रस्तुति आज

भोपाल. मध्यप्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा को राष्ट्रीय पटल पर प्रदर्शित करने के उद्देश्य से सुरमयी सांस्कृतिक संध्या की तृतीय प्रस्तुति शुक्रवार 22 अगस्त को मप्र भवन, नई दिल्ली में होगी. इस अवसर पर सुप्रसिद्ध नृत्यांगना लता सिंह मुंशी एवं उनके समूह द्वारा भरतनाट्यम प्रस्तुत किया जायेगा. कार्यक्रम में मप्र के मधुर लोक-संगीत और भावपूर्ण स्वरों की झलक होगी, जो दर्शकों को राज्य की सांस्कृतिक विविधता और कलात्मक समृद्धि से परिचित कराएगी. सांस्कृतिक संध्या संस्कृति एवं पर्यटन विभाग तथा आवासीय आयुक्त, मप्र भवन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है. कार्यक्रम का समय शाम 6.30 से 7.30 बजे तक निर्धारित है. डॉ. लता सिंह मुंशी मध्यप्रदेश की अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त भरतनाट्यम् नृत्यांगना हैं. उन्होंने भारत सहित विश्व के कई देशों में अपनी नृत्य प्रस्तुतियां दी हैं.

किशोर की संदिग्ध हालात में मौत

भोपाल, 21 अगस्त. कोलार क्षेत्र में एक 16 साल के किशोर की संदिग्ध हालात में मौत हो गई. पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. जानकारी के अनुसार जेके अस्पताल में किशोर को मृत घोषित कर दिया. किशोर के परिजनों का कहना है कि बुधवार की रात वह खाना खाने के बाद सोने चला गया था. जहां उसके दो भाई और कमरे में ही सोए हुए थे. गुरूवार की सुबह उसे जगाया गया तो कोई भी जवाब नहीं दे रहा था.

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पोते के आधार कार्ड में उसका नाम चेतन पाल (CHETAN PAL) हो गया है, जबकि उसका सही नाम चैतन्य पाल (CHATANYA PAL) है, उसकी जन्मतिथि 16.08.2014 है. अत: उसके जन्म प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेजों में नाम चैतन्य पाल (CHATANYA PAL) है. प्रकाशन उपरांत मेरे पोते को सही नाम चैतन्य पाल (CHATANYA PAL) के नाम से जाना - पहचाना एवं दर्ज किया जावे. शपथ पत्र क्र. नं. BF 669757 तिथि 02.08.2025. पता- ई डब्ल्यू एस -77, एन सेक्टर, अयोध्या नगर, हुजूर, भोपाल (म.प्र.) 462041

समस्या गंदगी और सड़क किनारे खड़े रहने वाले वाहनों से लोगों को हो रही परेशानी

रानी कमलापति स्टेशन रोड पर जलभराव से परेशानी

जूनियर रिपोर्टर

भोपाल, 21 अगस्त. राजधानी की सड़कें हमेशा से ही नगर निगम की लापरवाही के कारण सुर्खियों में रहती है समझ यह नही आता की सड़क मे गड्डे है कि गड्ढों मे सड़क. बारिश के दिनो मे ये समस्या जगह जगह देखने को मिल जाती है पर नगर निगम की कोई कार्यवाही देखने को नहीं मिलती.

ऐसा ही हाल रानी कमला पति रेलवे स्टेशन के पास बनी सड़क का है जहा पिछले एक हफ्ते से सड़क किनारे पानी भरा हुआ है थोड़ी ही बारिश मे सड़क किनारे

पानी भर जाता है साथ ही सड़क के एक छोर पर पानी और दूसरी ओर अवैध पार्किंग ने लोगों की आवाजाही को प्रभावित कर दिया है. बारिश की वजह से सड़क मे कीचड है, रास्ता सकरा है पानी के लगातार भरे रहने से बदबू ,गंदगी और मच्छर पनप रहे हैं जिससे यात्री एवं राहगीर परेशान है.

स्थानीय लोगो ने बताया कि ये स्टेशन का मुख्य मार्ग है जहा हर दिन हजारो यात्री आते जाते है और यहा पर ऐसी लापरवाही प्रशासन को शोभा नही देती. आने जाने वाले यात्रियो को सामान के साथ यहा से निकलने मे परेशानी होती है कभी-कभी तो ट्रैफिक जाम जैसी स्थिति भी बन जाती है इसके अलावा अवैध पार्किंग ने समस्या को और बढ़ा दिया है जगह-जगह खड़े वाहन सड़क को और संकरा कर देते है जिससे आने जाने मे दिकत होती है पर नगर निगम पानी और अवैध पार्किंग हटाने के लिए कुछ नही कर रहा. जरुरी है कि नगर निगम जल्द से जल्द जलभराव की समस्या और अवैध पार्किंग पर कार्यवाही करे.

खोया - पाया

इस पत्र के माध्यम से सर्वसाधारण एवं पासपोर्ट कार्यालय भोपाल को यह सूचित किया जाता है कि मेरा पासपोर्ट नंबर J-9363036 अभिरूचि परिसर पुराना सुभाष नगर के आसपास कहीं गिर गया है. मेरे द्वारा इसका कोई दुरुपयोग या अनुचित लाभ नहीं लिया गया है. सूचित कर्ता- प्रमोद दलवी पिता श्री गजानन दलवी एचआईजी-50 पुराना सुभाष नगर भोपाल-462023

नाम परिवर्तन सूचना

MOHAMMAD RAFEEQUE S/O ABDUL SHAFIK आयु व्यस्क निवासी: 73-C बाग उमराव दूल्हा B-सेक्टर पार्ट-1 भोपाल मेरे पासपोर्ट में पहले मेरा नाम MOHAMMED RAFIQ और मेरे पिता का नाम MOHAMMED SAFIQ दर्ज था जो की बदल कर मेरा नाम MOHAMMAD RAFEEQUE और मेरे पिता का नाम ABDUL SHAFIK हो गया है अब मेरे दस्तावेज में मेरा नाम और मेरे पिता का नाम यही है अब इसी नाम से जाना व पेहचाना जायगा आगे भविष्य में इसको लेकर कोई वादविवाद होता है तो इसका जिम्मेदार स्वयं में रहूँगा।

उपनाम के संबंध में जानकारी

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नाथू सिंह शाक्य, निवासी मकान क्रमांक 16, गली क्रमांक 04, कोलीपुरा बरखेड़ी, तहसील-हुजूर, जिला-भोपाल (म.प्र.)- 462008 ने अपने पहचान-पत्र जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड और समग्र पहचान-पत्र आदि में मेरा सही नाम नाथू सिंह शाक्य पुत्र श्री किशोर सिंह शाक्य दर्ज कराया है, जो उपनाम सहित है. कृपया मुझे मेरे नाम सहित उपनाम से जानें. अत: नाम में उपनाम जोड़ने संबधी किसी भी विवाद की पूरी जिम्मेदारी मेरी होगी.